**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 05.09.2019 को पूर्वान्ह 10:00 बजे सम्पन्न 9वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1— | प्रो0 एन0बी0 सिंह<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2— | श्री अजय जौहरी, (प्रतिनिधि वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 3— | श्री अवध किशोर,(प्रतिनिधि प्राविधिक शिक्षा विभाग)<br>उप सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग—1,उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4— | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5— | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य—सचिव |

**9.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 24/06/2019 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 8वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 24/06/2019 को सम्पन्न वित्त समिति की 8वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

**9.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 24/06/2019 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 8वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा दिनांक 24/06/2019 को सम्पन्न 8वीं वित्त समिति बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही को संज्ञान में लेते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर निर्देशित किया गयाः

समिति द्वारा गत बैठक में लिये गये निर्णयों के परिपेक्ष्य में प्रस्तुत की गई कार्यवाहियों का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया गया कि समिति के निर्णय के क्रम में विवरण का उल्लेख करते हुए कार्यवाही में अंकन किया जाय।

**9.03 विश्वविद्यालय वाहन संख्याः UP78-BL-4550 की नीलामी की समुचित प्रकिया अपनाने एवं नियमानुसार नया वाहन क्रय किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**9:04: विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग की पूर्व व्यवस्था को परिवर्तित करते हुये, यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ को सेवा प्रदाता एजेन्सी नामित किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि आउटसोर्सिंग कर्मियों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु 06 माह के अन्दर टेण्टर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय।

**9:05: विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग के रूप में आवद्ध कर्मियों का माह अप्रैल 2019 से अद्यतन लम्बित पारिश्रमिक भुगतान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लम्बित पारिश्रमिक के भुगतान के संबंध में कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**9:06: रिट याचिका सं0: 23550/2011 एच0बी0टी0आई0 बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित अन्तरिम आदेश के कम में उभय पक्षों द्वारा तैयार सुलहनामें विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**9:07: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्तीय वर्ष 2017–18 की बैलेन्स सीट अनुमोदन किये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्तीय वर्ष 2017–18 की बैलेन्स सीट का सम्यक अवलोकन कर, अनुमोदन प्रदान किया गया।

**9:08: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**9.08:01. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 02.09.2019 को सम्पन्न छठवीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की छठवीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**9.08:02. विश्वविद्यालय भवन एवं कार्य समिति की दिनांक 30.08.2019 को सम्पन्न छठवीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय भवन एवं कार्य समिति की छठवीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

(राजेश सिंह)
सदस्य–सचिव, वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष, वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर